# कार्यालय – जनपद न्यायालय, ललितपुर

## कोटेशन सूचना

## Regarding -Computer Hardware Items.

दिनांक– 15.11.2025.

## कोटेशन

जनपद न्यायालय, ललितपुर में इन्सटाल एच0पी0 लेजर जेट एवं ब्रदर प्रिन्टर रिपेयर किया जाना है। जिसके सम्बन्ध में सम्बधिंत प्रतिष्ठानों को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, ललितपुर मे लगे हुए Printer रिपेयर किये जाने के सम्बन्ध में इच्छुक फर्म/संस्था, कुटेंशन दिनांक 21.11.2025 को सायं 04:00 बजे तक कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, ललितपुर में जरिये डॉक, ई–मेल अथवा स्वयं उपस्थित होकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कोटेशन दिनांक 21.11.2025 को सायं 04:30 बजे खोले जाएंगे। समय अवधि के पश्चात प्राप्त कोटेशन पर कोई विचार नही किया जायेगा। कोटेशन के नियम व शर्तें जनपद न्यायालय, ललितपुर की वेबसाइट https://lalitpur.dcourts.gov.in तथा मुख्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। कोटेशन प्रस्तुत करने वाली फर्म कोटेशन की नियम व शर्तों के अनुसार ही अपना कोटेशन प्रस्तुत करें।

Vikas Kumar 15.11.25

**(विकास कुमार–II),**
अध्यक्ष, कय समिति/
अपर जिला एवं सत्र/
विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट),
ललितपुर।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– केन्द्रीय नाजिर, जिलाधिकारी कार्यालय, ललितपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

2.. सहायक नाजिर, जनपद न्यायालय, ललितपुर को जनपद न्यायालय, ललितपुर के समस्त सार्वजनिक स्थलों व नजारत के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

3.. सिस्टम आफिसर, जनपद न्यायालय, ललितपुर को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय ललितपुर की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

15.11.25

**अध्यक्ष, कय समिति**
**जनपद न्यायालय,**
**ललितपुर।**

# कार्यालय – जनपद न्यायालय, ललितपुर

**जनपद न्यायालय, ललितपुर में इंसटाल एच0पी0 लेजर जेट एवं ब्रदर प्रिन्टर रिपेयर जाने हेतु कोटेशन के लिए अनिवार्य नियम व शर्तें–**

1. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश के अनुपालन में जनपद न्यायालय, ललितपुर में लगे हुए एच0पी0 लेजर जेट एवं ब्रदर प्रिन्टर रिपेयर कराये जाने के सम्बन्ध दिनांक 21.11.2025 (कार्यालय समय 10:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक) पंजीकृत व अधिकृत फर्मो से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

2. कोटेशन प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत व अधिकृत फर्म जी०एस०टी० व राज्य को अदा किए जाने वाले अन्य करों हेतु पंजीकृत होनी चाहिए।

3. कोटेशन प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत व अधिकृत फर्म 21.11.2025 से पूर्व जनपद न्यायालय, ललितपुर में इंसटाल प्रिन्टर का भौतिक परीक्षण करने के उपरान्त कोटेशन प्रस्तुत करें एवं बदले हुए पार्टस का न्यूनतम 06 माह की ऑन साइट वारंटी/सेवायें देना अनिवार्य है।

4. **प्रिन्टर्स के प्रकार एवं मॉडल का विवरण निम्नवत है–**

| | | |
|---|---|---|
| (I) | HP Laserjet pro MFP M126a | - 01 |
| (II) | HP Laserjet pro MFP 4104fdw | - 05 |
| (III) | Brother HC-B2000D | - 01 |
| (iv) | Brother DCP-L2520D | - 02 |

5. सभी प्राप्त कोटेशन दिनांक 21.11.2025 को सायं 04.30 बजे तक क्रय समिति, जनपद न्यायालय, ललितपुर के समक्ष खोली जायेगीं। कोटेशन प्राप्त होने की नियत अन्तिम तिथि व समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। कोटेशन प्रस्तुत करने वाली फर्म यदि चाहे तो अपने अधिकृत प्रतिनिधि को कोटेशन खोले जाने के समय भेज सकती है।

6. फर्म को उक्त प्रिन्टर्स को रिपेयर करके चालू हालत में दिया जायेगा, उसके उपरान्त ही भुगतान किया जावेगा। उक्त प्रिन्टर्स में यदि कोई पार्टस बदला जाता है और 06 माह के अन्दर वह पार्टस पुनः खराब होता है तो स्वयं के खर्चे पर फर्म द्वारा बदला जायेगा।

7. कोटेशन प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत व अधिकृत फर्म सभी करों को सम्मिलित करते हुए ही अपना कोटेशन दर प्रस्तुत करे, एक बार कोटेशन प्रस्तुत कर दिये जाने के बाद कोटेशन की दर और कर मे कोई वृद्धि अनुमन्य नही होगी और दी गई कोटेशन की दर ही अन्तिम होगी।

8. कोटेशन की नियम एवं शर्तो का किसी भी कार्य दिवस में कम्प्यूटर अनुभाग जनपद न्यायालय ललितपुर में समय 10.30 बजे से सायं 02:.30 बजे तक अवलोकन किया जा सकता है और उन्हे प्राप्त किया जा सकता है ।

9. कोटेशन स्वीकार होने पर सम्बन्धित फर्म/संस्था को उपकरण व अन्य व्यय स्वंय अपने खर्चे पर पहुँचानी होगी एवं आपूर्ति की गई सामग्री में यदि कोई खराबी पायी जाती है तो उसे उसके द्वारा अपने खर्च पर ही बदला जाना अनिवार्य होगा।

10. किसी भी कोटेशन या समस्त कोटेशन को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, ललितपुर में निहित है और इस संदर्भ में उनका निर्णय अन्तिम होगा।

15.11.25

**अध्यक्ष, क्रय समिति**
जनपद न्यायालय, ललितपुर।